# अभ्यास

शब्दार्थ :-

| | |
|---|---|
| चकाचौंध | आंखों का झपकना |
| भूकंप | भूचाल |
| बेतहाशा | अचानक |
| आगोश | लपेट |
| महाप्रलय | संपूर्ण सृष्टि का नाश |
| कर्मठता | काम में कुशलता |
| क्षतिग्रस्त | हानिप्राप्त |
| संभावना | हो सकने का भाव |
| संयंत्र | यंत्रों का समूह |
| भाग्यशाली | खुशकिस्मत |

# विषय-बोध

इन प्रश्नों के उत्तर एक या दो वाक्य में लिखें :-

प्रश्न: यूटा सागा अपने माता-पिता के साथ कहाँ रहता है ?

उत्तर: यूटा सागा जापान के मियागी प्रांत के तटवर्ती इलाके के सेंदई शहर में रहता है।

प्रश्न: यूटा सागा के माता- पिता का क्या नाम है तथा वे क्या कार्य करते हैं ?

उत्तर: यूटा सागा की माँ अयूमि आसूगा यूनिवर्सिटी की प्रोफेसर है और पिता ओसामु दाज़ाई फुकुशिमा प्रांत के फुकुशिमा न्यूक्लियर पावर प्लांट में कार्य करते हैं।

प्रश्न: रेडियो पर सुनामी की क्या चेतावनी जारी होती है?

उत्तर: रेडियो पर सुनामी की चेतावनी जारी होती है कि भूकंप की तीव्रता 8.9 रिएक्टर पैमाने पर है और यह भूकंप जान लेवा लहरों का कारण बनने वाला है। तटीय इलाकों में रहने वालों के पास बचने के लिए केवल 12 मिनट  हैं ।

प्रश्न: सुनामी से बचने के लिए यूटा सागा व माँ कहां जाते हैं?

उत्तर: सुनामी से बचने के लिए यूटा सागा और उसकी मां सबसे ऊंची जूनियर हाई स्कूल की इमारत की तरफ भागते हैं।

प्रश्न: स्कूल पहुंचकर यूटा सागा और  क्या देखते हैं?

उत्तर: स्कूल पहुंचकर यूटा सागा और आयूमी देखते हैं कि बेबस बुजुर्ग सीढ़ियों पर गिर रहे हैं और ऊपर चढ़ने के लिए धक्का-मुक्की हो रहे हैं।

प्रश्न: ओसामु दोजाई अपने परिवार को कहां-कहां तलाशते हैं?

उत्तर: ओसामा दोज़ाई  अपने परिवार को अपने घर में और अनेक शरण-स्थलों में तलाशते हैं।

प्रश्न: रेडिएशन से किस प्रकार की बीमारियां फैल सकती है ?

उत्तर: रेडिएशन से त्वचा का जलना, ठंड लगना, आंखों में जलन, बुखार, अस्थमा, खांसी, बोन तथा फेफड़ों का कैंसर जैसी बीमारियाँ फैल सकती हैं।

प्रश्न: देश और दुनिया को खतरे से बचाने के लिए फुकुशिमा संयंत्र में कितने कर्मचारी किस तरह से काम कर रहे थे ?

उत्तर: फुकुशिमा संयंत्र में 200 कर्मचारी रेडिएशन कम करने के लिए काम कर रहे थे और वे चार शिफ्ट में 50-50 की टीम में लगे हुए थे ।

प्रश्न: फुकुशिमा का शाब्दिक अर्थ क्या होता है?

उत्तर: फुकुशिमा का शाब्दिक अर्थ होता है-------- भाग्यशाली द्वीप ।

प्रश्न: यूटा प्लांट पर जाने के लिए अपने पिता का साहस कैसे बढ़ाता है?

उत्तर: यूटा प्लांट पर जाने के लिए पिता का साहस बढ़ाते हुए कहता है कि परिवार से बड़ा देश है और देश से बड़ी दुनिया पिताजी आप मेरे न्यूक्लियर निंजा है (परमाणु योद्धा) आप जरूर जाइए।

प्रश्नों के उत्तर चार या पांच वाक्यों में लिखें :-

**प्रश्न: डरे-सहमे लोगों द्वारा देखे गए महाप्रलय के मंजर का वर्णन करें।**

उत्तर: सुनामी की लहरों ने रिहायशी इलाकों में सब कुछ तबाह कर दिया।सब कुछ छीन लिया। संभलने और समझने का मौका ही नहीं दिया। एयरपोर्ट पानी में डूब गया। हवाई जहाज पानी में बह गए और एक पूरी रेल और उसमें बैठे लोग लापता हो गए। ऐसे लग रहा था जैसे सारा शहर पानी में डूब गया हो ।

**प्रश्न: फुकुशिमा न्यूक्लियर पावर प्लांट में विस्फोट कैसे हो गया?**

उत्तर: सुनामी की हाहाकारी लहरों के कारण न्यूक्लियर प्लांट के रिएक्टरों के कूलिंग सिस्टम की बिजली आपूर्ति रुक गई जिससे परमाणु ईंधन को ठंडा नहीं रखा जा सका और रिएक्टरों के अंदर तापमान तेजी से बढ़ने लगा जिससे उसमें विस्फोट हो गया।

**प्रश्न: अयूमी पति ओसामु दाज़ाई का हौसला कैसे बढ़ाती है ?**

उत्तर: अयूमि पति को कहती है कि जापानी भाषा में फुकुशिमा का शाब्दिक अर्थ होता है **भाग्यशाली द्वीप** और फिर वहां आई मुसीबत को दूर करने वाले आप लोग तो और भी भाग्यशाली है। हमारे लिए ये आपदाएँ एक अवसर की तरह है जिन्होंने

हमें फिर उठ खड़े होने के लिए प्रेरित किया है।यही तो हमारा देश प्रेम है, हमारी सबसे बड़ी संपत्ति।

# व्यावहारिक व्याकरण

इन वाक्यों में संबंधबोधक अव्यय को रेखांकित करें :-

1. तटीय इलाकों में रहने वाले लोगों के पास केवल 12 मिनट हैं।
2. यूटा व माँ घर से बाहर सड़क पर बेतहाशा भागे जा रहे हैं ।
3. माँ, जिंदगी और मौत के बीच केवल तीन मंजिलों का फर्क है।
4. लोग सीढ़ियों से ऊपर नहीं चढ़ पा रहे हैं।
5. यूटा सागा माँ सहित तीसरी मंजिल पर पहुंच जाता है।

वाक्यों में प्रयोग करें :-

1. तटवर्ती — तटवर्ती इलाकों में रहने वाले लोग सुनामी से तबाह हो गए।
2. सर्तक — जीवन के रास्ते पर सतर्क रहते हुए आगे बढ़ना चाहिए।
3. चेतावनी — रेडियो पर सुनामी की चेतावनी दी जा रही है।
4. विस्फोट — पावर प्लांट में विस्फोट हो गया था।
5. संकल्प — दूसरों की मदद करने का संकल्प लेना है ।
6. तबाही — सुनामी से शहर में तबाही मच गई।
7. ऊर्जा — सूर्य ऊर्जा का प्रमुख साधन है।

एकवचन बनाएं :-

| | |
|---|---|
| सीढ़ियां | सीढ़ी |
| बुजुर्गों | बुजुर्ग |
| बच्चे | बच्चा |
| बीमारियां | बीमारी |
| स्थलों | स्थल |
| जापानियों | जापानी |
| इलाकों | इलाका |
| मंजिलों | मंजिल |
| इमारतों | इमारत |
| आपदाएं | आपदा |
| लहरों | लहर |
| तटों | तट |

भाववाचक संज्ञा बनाइए :-

| | |
|---|---|
| विनम्र | विनम्रता |
| गहरा | गहराई |
| चढ़ना | चढ़ाई |
| थकना | थकावट |
| कर्मठ | कर्मठता |

विशेषण बनाएं :-

| | |
|---|---|
| धर्म | धार्मिक |
| परिवार | पारिवारिक |
| राष्ट्र | राष्ट्रीय |
| प्रकृति | प्राकृतिक |
| घर | घरेलू |

| | |
|---|---|
| अर्थ | आर्थिक |
| चरित्र | चारित्रिक |
| शहर | शहरी |

---

पर्यायवाची शब्द लिखें :-

---

| | |
|---|---|
| आंख | नेत्र ,नयन |
| लहर | तरंग, हिलोर |
| दुनिया | जगत ,संसार |
| पानी | जल ,नीर |
| संपत्ति | धन ,संपदा |
| हाथ | हस्त ,कर |
| बिजली | विद्युत ,चंचला |
| तट | तीर ,किनारा |
| पिता | जनक,तात |
| शक्ति | ताकत,बल |

---

## विपरीत शब्द लिखें :-

| | |
|---|---|
| *सुरक्षित* | *असुरक्षित* |
| *अस्थायी* | *स्थायी* |
| *सम्पन्नता* | *निर्धनता* |
| *सामान्य* | *विशेष* |
| *जिंदगी* | *मौत* |
| *कमजोर* | *बलशाली* |

## अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखें :-

- ऐसा स्थान जहां लोग शरण लेते हो = आश्रय स्थल
- चारो और समुद्र से घिरा भूभाग = टापू
- बिना घर का = बेघर
- देश अनुरागी व्यक्ति = देशभक्त

शुद्ध करें :-

| अशुद्ध | शुद्ध |
|---|---|
| परिक्षा | परीक्षा |
| धनयवाद | धन्यवाद |
| परमाणू | परमाणु |
| शिवीर | शिविर |
| वसतु | वस्तु |

# आत्मबोध

आप अपने देश में आने वाली प्राकृतिक आपदाओं से बचने के लिए क्या करेंगे?

जब कोई आपदा आ पड़े तो उसका सामना करने के लिए सबसे पहले धैर्य और आत्म नियंत्रण की आवश्यकता है। अफरा-तफरी मचाने से बचेंगे, आपातकालीन संपर्क नंबर पर संपर्क करके वहां दिए गए उपाय और अधिकारियों के दिशा निर्देशों का पालन करेंगे। ऊँची जगह पर जाने का प्रयत्न करेंगे।आपदा को देखते हुए उस समय बचाव के जो उपाय ठीक लगेंगे उनका अनुसरण करेंगे और जितनी अधिक हो सके दूसरों की सहायता करेंगे।

# रचनाबोध

प्राकृतिक आपदाओं की सूची बनाएं:-

## भूमि संबंधी

- भूकम्प
- भूस्खलन
- हिमस्खलन

## जल संबंधी

- बाढ़
- चक्रवात
- सुनामी

## मौसम संबंधी

- सूखा
- ओलावृष्टि
- तूफान


## स्वास्थ्य संबंधी

- महामारी

## जापान और जापानी संस्कृति :-



एशिया महाद्वीप के समुद्र के किनारे बसा द्वीप जैसा देश जापान वह स्थान है जहां सूरज एशिया महाद्वीप से पहले उगता है। जापानी अपने देश को निप्पॉन कहते हैं। जिसका मतलब सूर्य उदय है इसलिए जापान देश के झंडे पर उगते सूरज का निशान है।



- जापान की राजधानी - टोक्यो
- मुख्य रूप से बोली जाने वाली भाषा - जापानी
- मुख्य धर्म - बौद्ध
- आहार - मुख्य रूप से चावल, ताजा दुबला समुद्री भोजन और उबली हुई सब्जियाँ
- प्रवृत्ति - अनुशासन में रहना और खूब मेहनत करना
- वेशभूषा - मुख्य रूप से किमोनो (जिसका अर्थ है कुछ एक पहनना)

जापान की साक्षरता दर 100% है अर्थात सबसे ज्यादा पढ़े लिखे लोग हैं। जापान दुनिया का सबसे मेहनती देश माना जाता है।




**शिक्षा विभाग, पंजाब**

**मार्गदर्शक :** डॉ. सुनील बहल, स्टेट रिसोर्स पर्सन (हिंदी व पंजाबी)

**प्रस्तुति :** सिम्मी, वैदिक गर्ल्ज़ सीनियर सैकण्डरी स्कूल , अमृतसर

**संशोधन :** सरिता शर्मा ,सरस्वती कन्या सी.स. स्कूल , अमृतसर

**संयोजक :** राजन , अमृतसर ज़िला हिंदी रिसोर्स पर्सन , अमृतसर